स्थापना : 1951

Email- gbcdidwana1@gmail.com

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

## अखिल राजस्थान सेठ नारायण दास बाँगड़ स्मृति अन्तरमहाविद्यालय हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता, 2022–23

### :: प्रतियोगिता प्रतिवेदन ::

नारायणदास बाँगड़ चेरिटेबल ट्रस्ट, कोलकाता के आर्थिक सौजन्य से राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना की प्रतिष्ठित साहित्यिक गतिविधि "सेठ नारायण दास बाँगड़ स्मृति अखिल राजस्थान अन्तरमहाविद्यालय हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता, 2022–23" का सफल आयोजन दिनांक 20 जनवरी, 2023 को सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के 17 महाविद्यालयों के 29 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता विषय के पक्ष एवं विपक्ष में अपने तार्किक विचार रखे। प्रतियोगिता का विस्तृत प्रतिवेदन निम्नानुसार है–

1. आयोजन स्थल – महाविद्यालय प्राँगण
2. आयोजन तिथि – 20 जनवरी, 2023 पूर्वाह्न 10:15 बजे से
3. प्रतियोगिता का विषय – इस सदन की सम्मति में – "विश्व शांति के लिए अंहिसात्मक विचारधारा ही हितकर है।"
4. मंच को सुशोभित करने वाले महानुभाव
   - मुख्य अतिथि : प्रो. (डॉ.) आर.एल.गोदारा, पूर्व कुलपति–वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
   - कार्यक्रम अध्यक्ष : डॉ. जहाँगीर रहमान कुरैशी, प्राचार्य राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना
   - विशिष्ट अतिथि : डॉ. शंकरलाल जाखड़, पूर्व प्राचार्य कॉलेज शिक्षा, राजस्थान
   - स्वागताध्यक्ष : श्रीमान श्रीगोपाल बगड़िया, प्रतिनिधि नारायणदास बाँगड़ चेरीटेबल ट्रस्ट, कोलकाता
   - प्रतियोगिता समन्वयक : डॉ. मनीषा गोदारा, एसोसिएट प्रोफेसर राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना
5. प्रतियोगिता निर्णायक मंडल
   - श्री राजेन्द्र माथुर, वरिष्ठ अधिवक्ता
   - श्री प्रेम सिंह चौधरी, समाजसेवी एवं गाँधी विचारक
   - श्री सियाराम शर्मा, शिक्षाविद्

Scanned with CamScanner

6. प्रतियोगिता आयोजन एवं समन्वय समिति

- ❖ समन्वयक : डॉ. मनीषा गोदारा
  अध्यक्ष – स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग
- ❖ संयोजक : डॉ. अरूण व्यारा
  अध्यक्ष – स्नातकोत्तर भूगर्भ विज्ञान विभाग
- ❖ प्रभारी : श्री हबीब खान
  अध्यक्ष – स्नातकोत्तर हिंदी विभाग
- ❖ सदस्य : श्री अनिल कुमार
  अध्यक्ष – भौतिक विज्ञान विभाग
- ❖ सदस्य : डॉ. अतुल गर्ग
  अध्यक्ष – गणित विभाग
- ❖ सदस्य : श्री अनुराग झंवर
  अध्यक्ष – ई.ए.एफ.एम विभाग
- ❖ सदस्य : श्री श्रीगोपाल बगड़िया, प्रतिनिधि
  नारायणदास बाँगड़ चेरीटेबल ट्रस्ट, कोलकाता

7. प्रतियोगिता सूचना पत्र प्रेषण :

राजस्थान राज्य में स्थित 450 से अधिक राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालयों को प्रतियोगिता सूचनापत्र ई–मेल द्वारा तथा 140 से अधिक कॉरियर द्वारा *"प्रतियोगिता फोल्डर"* प्रेषित किए गये।

8. सहभागी महाविद्यालय :

प्रतियोगिता में कुल 17 महाविद्यालयों से 29 प्रतियोगियों ने प्रतिनिधित्व किया। *"प्रतियोगिता में सहभागी महाविद्यालय एवं प्रतिभागियों की सूची" संलग्न है।*

9. प्रतियोगिता का परिणाम :

चलविजयोपहार विजेता : जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं

वक्ता प्रतिभागी : सुश्री ममता गोरा एवं अभिलाषा

10. वैयक्तिक पुरस्कार नकद

11000 रू. प्रथम स्थान : श्री नीरज पूनियां
राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर

7500 रू. द्वितीय स्थान : सुश्री माया सैनी
श्रीमती मोहरी देवी तापडिया कन्या महाविद्यालय, जसवंतगढ़

5100 रू. तृतीय स्थान : सुश्री कनिष्का शर्मा
श्री रघुनाथ बालिका महाविद्यालय, लक्ष्मणगढ़ (सीकर)

1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार : श्री भारतेन्दु
राकेश शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, पिलानी

1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार : सुश्री पायल शर्मा
राजकीय महाविद्यालय, कुचेरा

1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार : सुश्री सिमरन बानो
श्री बाँगड़ महिला महाविद्यालय, डीडवाना

1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार : सुश्री ममता गोरा
जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं

1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार : सुश्री साक्षी मांडण
एस.बी.आर.मिर्धा महाविद्यालय, नागौर

Scanned with CamScanner

11. सहभागियों को प्लास्टिक फोल्डर, प्रमाणपत्र एवं प्रतीक चिह्न :

सम्पन्न प्रतियोगिता के नाम एवं सेठ नारायणदासजी बाँगड़ की फोटो सहित प्लास्टिक फोल्डर, स्लिपपेड एवं सहभागिता प्रमाणपत्र मुद्रित करवाए गए। प्रतियोगिता में पधारे समस्त अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों, दल प्रभारियों, नगर के गणमान्य सक्रिय साहित्यप्रेमियों, महाविद्यालयी संकाय सदस्यों, सह–शैक्षणिक कर्मियों तथा मीडियाकर्मियों सहित चुनिंदा स्वयंसेवकों को प्रतियोगिता स्लिप पेड, प्लास्टिक फोल्डर, बॉलपेन भेंट किया गया तथा प्रतियोगिता उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिह्न तथा 100 रूपये प्रदान किये गए।

12. मंचासीन अतिथिगण का सम्मान

समारोह में मंचासीन अतिथियों एवं निर्णायकों का माल्यार्पण, साफा, सोल, प्रतीकचिह्न, तथा मानेदय भेंट कर स्वागत्–अभिनन्दन एवं सम्मान किया गया। सभी अतिथियों को प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद अतिथि स्मृति चिह्न तथा यादगार स्वरूप फोटोस्नेप्स भी भेजे गए हैं।

13. समारोह दृश्यावलोकन

समारोह अत्यन्त शालीनता एवं गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की विडियोग्राफी तथा फोटोग्राफी कराई गई। दृश्यावलोकनार्थ चुनिंदा फोटो स्नेप्स तथा कार्यक्रम की विडियोग्राफी की पेनड्राईव संलग्न है।

14. जनसूचनार्थ प्रेस विज्ञप्ति

सम्पन्न प्रतियोगिता के आयोजन की पूर्व जानकारी एवं आयोजन उपरान्त जनसूचनार्थ प्रेस नोट के माध्यम से राज्य एवं स्थानीय समाचार पत्रों में विषयवस्तु समाचार प्रकाशित हुये। अखबारों की कतरनों की फोटो प्रतियां संलग्न है।

16. अतिथिगण एवं प्रतिभागियों की आवास–प्रवास एवं भोजन व्यवस्था–

आमन्त्रित अतिथियों की व्यवस्था स्थानीय होटल सुंदरम पैलेस तथा प्रतिभागियों के सैन भवन में व्यवस्था की गई। अतिथियों के खाने के रात्रिकालीन भोजन की व्यवस्था सुन्दरम पैलेस प्रतियोगिता दिवस तथा प्रतिभोगियों के खण्डेवाल होटल भोजन की व्यवस्था की गई। अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों, संपूर्ण महाविद्यालय स्टाफ सहित नगर के गणमान्य नागरिकों के लिए भोजन की उत्तम व्यवस्था महाविद्यालय सेमीनार भवन में की गई, प्रतियोगिता के दौरान चाय एवं काफी व्यवस्था तथा प्रतियोगिता उपरान्त अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों, संपूर्ण महाविद्यालय स्टाफ सहित नगर के गणमान्य नागरिकों के लिए अल्पहार तथा जलपान की व्यवस्था की गई।

17. अतिथिगण का प्रतियोगिता कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में अभिमत–

सम्पन्न प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं, संचालन, प्रस्तावित विषय एवं समारोह को मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि, निर्णायकगण, दल प्रभारियों, प्रतिभागियों, मीडियाकर्मियों तथा नगर के साहित्यप्रेमी नागरिकों सहित अन्य उपस्थित महानुभावों द्वारा सराहने के साथ उल्लेखनीय बताया गया। नगर के प्रबुद्धजनों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति उत्साहवर्धक रही। नगर से पधारे हुए शिक्षाविदो ने प्रतियोगिता में पूरे समय उपस्थिति दी तथा इसे एक उत्कृष्ट साहित्यिक आयोजन बताया।

समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं पुण्यात्मा सेठ नारायणदासजी बाँगड़ के पुण्य स्मरण के साथ तथा समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। स्वागताध्यक्ष श्रीमान श्रीगोपाल बगड़िया ने बाबू वेणुगोपालजी बाँगड़ का भावभरा संदेश पढ़कर सुनाया तो पांडाल से तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सबने बाबू के प्रति कृतज्ञता जाहिर की। प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. जहाँगीर रहमान कुरैशी ने प्रतियोगिता शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि बाँगड़ परिवार के उदारमना सहयोग से बने इस महाविद्यालय ने देश समाज को अनेक हीरे तराश कर दिए है

Scanned with CamScanner

तथा यह प्रक्रिया अब भी जारी है। प्रतियोगिता संयोजक डॉ. अरूण व्यास ने उदारमना दानवीरों को नमन करते हुए प्रतियोगिता की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला तथा बताया कि इस प्रतियोगिता ने अनेक प्रखर वक्ताओं को तैयार किया है, जो समाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता नियमों की घोषणा, कार्यक्रम संचालन एवं मंचासीन अतिथियों के परिचय का दायित्व प्रतियोगिता प्रभारी श्री हबीब खान द्वारा निर्वाहित किया गया। सभी प्रतिभागियों तथा अतिथियों की विचाराभिव्यक्तियों के साथ प्रतियोगिता अपने अपेक्षित स्वरूप में संपन्न हुई। समन्वयक डॉ. मनीषा गोदारा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (श्री हबीब खान) | (डॉ. अरूण व्यास) | (डॉ. मनीषा गोदारा) | (डॉ. जहाँगीर रहमान कुरैशी) |
| प्रतियोगिता प्रभारी | प्रतियोगिता संयोजक | प्रतियोगिता समन्वयक | प्राचार्य एवं संरक्षक |

Scanned with CamScanner